पंजाब केसरी 22/03/2023

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंजलि ने पाया पहला स्थान



प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 21 मार्च (कोचर): जी.एम.एन. कालेज के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें 34 छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एस.के. पांडे और डा. नियति की देखरेख में आयोजित किया गया।

इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे वैज्ञानिक खोज में नए आयामों को देखें एवं इस वैज्ञानिक क्षेत्र में नई नई खोज करें।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अंजलि बी.एस.सी. प्रथम वर्ष, द्वितीय पुरस्कार रितिका बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष व तृतीय पुरस्कार कृष्टि बी.एससी. तृतीय वर्ष को प्राप्त हुआ। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विनस बी.एससी. तृतीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार हितेश बी.एससी. प्रथम वर्ष व तृतीय पुरस्कार शैली बी.एससी. द्वितीय वर्ष को प्राप्त हुआ।